श्री बंशीधर नगर, बुधवार
11.02.2026
पौष कृष्णपक्ष नवमी संवत 2082
वर्ष : 04, अंक : 121

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:31 बजे
अस्त - 05:49 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 29 डिग्री से.
न्यूनतम : 12 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

12वीं के छात्रों का सम्मान समारोह >> पेज 03
राजपाल यादव का भावुक बयान >> पेज 05

## सुविचार

इन सवालों का अक्सर जवाब दें : आप क्या कर रहे हैं? आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? यह कहां जा रहा है?

## न्यूज अपडेट्स

### मणिपुर में 3 उग्रवादी गिरफ्तार, गोला-बारूद मिले

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियां उग्रवादियों, अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ के विरुद्ध लगातार अभियान जारी रखे हुए हैं। अलग-अलग अभियानों में तीन उग्रवादियों को जहां गिरफ्तार किया गया, वहीं भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद करने के साथ ही हिंसा प्रभावित क्षेत्र में फंसे दो लोगों को बताया गया। मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा आज जारी जानकारी के अनुसार सोमवार को सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व जिले के लमलाई थानांतर्गत नोंगदम गांव, न्गारू चेंगजेल पहाड़ी क्षेत्र से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया। बरामद सामग्रियों में मुख्य रूप से मैगजीन के साथ एक .303 राइफल, दो 12 बोर सिंगल बैरल रायफल, एक मैगजीन के साथ 9 मिमी की चार पिस्तौल और तीन 36 नंबर हैंड ग्रेनेड शामिल हैं। इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं, अन्य एक अभियान में इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई थानांतर्गत लिलोंग चाजिंग क्षेत्र में बम विस्फोट के एक मामले की जांच के बाद मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व जिलों के विभिन्न स्थानों से अपराध में शामिल केसीपी (अपुनबा) के तीन सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान लैशराम बुलु सिंह (39), पुयामाचा डेविड (22) और निंगथौजम चलम्बा सिंह (29) के रूप में की गयी है। उनके कब्जे से एक चार पहिया वाहन मारुति जिप्सी (एमएन-01एके-3615), एक .45 पिस्तौल मैगजीन के साथ और 17 राउंड, तीन मोबाइल फोन, एक बटुआ जिसमें 220 रुपये और आधार कार्ड समेत अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया।

**संसद** — लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

# ओम बिरला पर पक्षपात का आरोप



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर सदन के संचालन में पक्षपात का आरोप लगाते हुए कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने उनके खिलाफ मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस पर 116 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। हालांकि इस पर तृणमूल कांग्रेस के किसी भी सांसद का हस्ताक्षर नहीं है। हस्ताक्षर करने वाले 116 सांसदों में राहुल गांधी का भी नाम नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने पत्रकारों को बताया कि अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा महासचिव को संविधान के अनुच्छेद 94-सी के तहत दिया गया है। नोटिस पर 116 सांसदों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), द्रविण मुनेत्र कड़गम (द्रमुक), राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और अन्य शामिल हैं। हालांकि गोगोई ने इस नोटिस पर तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के हस्ताक्षर नहीं होने से जुड़े सवाल पर चुप्पी साध ली।नोटिस में कहा गया है कि लोकसभा अध्यक्ष लगातार विपक्षी सांसदों को जनहित के मुद्दे उठाने से रोक रहे हैं। अनुच्छेद 94(सी) के तहत नोटिस दिया गया है क्योंकि अध्यक्ष खुलेआम पक्षपात कर रहे हैं। इसके साथ ही विपक्ष के आठ सांसदों को मनमाने ढंग से निलंबित कर दिया गया है; उन्हें केवल लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए दंडित किया जा रहा है। नोटिस में लिखा गया है कि कई मौकों पर विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने की अनुमति ही नहीं दी गई, जबकि यह उनका मौलिक अधिकार है।नियमों के मुताबिक नोटिस मिलने के बाद प्रस्ताव पेश करने और इस पर चर्चा के लिए तारीख तय की जाती है, जो नोटिस की तिथि से कम से कम 14 दिन बाद होती है। आमतौर पर प्रस्ताव स्वीकार होने के 10 दिनों के भीतर बहस और मतदान होता है। जब प्रस्ताव विचाराधीन होता है, तो अध्यक्ष सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकते।

### देश में जानबूझकर अस्थिरता का माहौल बनाने का प्रयास कर रहा विपक्ष : भाजपा

**नई दिल्ली।** संसद में हंगामे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर देश में जानबूझकर अस्थिरता का माहौल बनाने के प्रयास का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि सभी देख रहे हैं कि मीडिया में किस प्रकार सदन में हो रही गतिविधियों को लेकर घमासान मचा हुआ है। पूरे देश में विपक्ष जानबूझकर अस्थिरता का माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब आज से नहीं हो रहा, बल्कि जब से भाजपाझ्रनीत राजग की सरकार बनी है, तब से राहुल गांधी, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जॉर्ज सोरोस के इशारों पर देश के संवैधानिक संस्थानों पर गातार हमले कर रहे हैं

# पूर्व सेनाध्यक्ष नरवणे झूठ नहीं बोलेंगे : राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में जारी गतिरोध के बीच नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की कथित किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के प्रकाशक पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को दावा किया कि किताब बिक्री के लिए उपलब्ध है। राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अपने मोबाइल में जनरल नरवणे का 15 दिसंबर 2023 का पोस्ट दिखाया। उन्होंने कहा कि यह जनरल नरवणे का एक्स पोस्ट है जिसमें उन्होंने लिखा था, "नमस्ते दोस्तों। मेरी किताब अब उपलब्ध है। बस इस लिंक का अनुसरण करें। आनंदपूर्वक पढ़ें। जय हिंद।' राहुल ने कहा, "सवाल यह है कि या तो जनरल नरवणे झूठ बोल रहे हैं या फिर पेंग्विन प्रकाशन, लेकिन मुझे पूर्व सेनाध्यक्ष पर भरोसा है, वह झूठ नहीं बोलेंगे।" उन्होंने कहा कि किताब में किए गए कुछ उल्लेख सरकार और प्रधानमंत्री के लिए असुविधाजनक हैं, इसलिए विवाद खड़ा किया जा रहा है। अब यह तय करना होगा कि सच्चाई कौन बता रहा है। प्रकाशक या पूर्व सेनाध्यक्ष। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि जनरल नरवणे ने किताब में जो बातें लिखी हैं, वे सरकार और प्रधानमंत्री के लिए असहज हैं और इसी वजह से इस पर रोक लगाने की कोशिश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि किताब के प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने सोमवार को कहा था कि जनरल नरवणे की किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है और इसकी कोई भी कॉपी, प्रिंट या डिजिटल, पब्लिश, बांटी, बेची या पब्लिक के लिए उपलब्ध नहीं कराई गई है।राहुल गांधी ने जिस पोस्ट का जिक्र किया था उसे जनरल नरवणे ने 15 दिसंबर 2023 को एक्स पर साझा किया था। इसमें उन्होंने पेंगुइन इंडिया के एक एक्स पोस्ट का स्क्रीनशॉट लगाया था। उसमें पेंगुइन प्रकाशन ने ई-कॉमर्स साइट अमेजन का लिंक साझा करते हुए लिखा था, "जैसे ही हम विजयदिवस की तैयारी कर रहे हैं। आइए अपने देश के नायकों का सम्मान करें। शुरूआत करते हैं मनोज नरवणे से, जो भारत के 28वें थलसेनाध्यक्ष रहे और दशकों तक देश के लिए लड़े। उनकी कहानी जानने के लिए अभी फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी, प्री ऑर्डर करें।"

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा

# फाइलेरिया मुक्त देश बनाने में सहयोग करें



**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक देश को पूर्णतः फाइलेरिया मुक्त बनाना है। जिसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों मंत्री,सांसद एवं विधायक इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाएं। फाइलेरिया मुक्त अभियान को जन-जन तक फैलाएं। ताकि देशभर से फाइलेरिया का पूरी तरह से खात्मा हो सके।

केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए बोल रहे थे। इसके साथ ही फाइलेरिया के रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। नड्डा ने बताया कि सरकार द्वारा निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं, इसलिए जनता से अपील है कि वे अभियान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि झारखंड सरकार इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से झारखंड के लिए विशेष ध्यान एवं अतिरिक्त वित्तीय सहायता का भी आग्रह किया, ताकि राष्ट्रीय कार्यक्रमों को राज्य में प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। फिलहाल ग्रामीण क्षेत्रों में सहिया कार्यकताओं के माध्यम से प्रचार-प्रसार एवं दीवार लेखन के जरिए जागरूकता बढ़ाई जा रही है। मंत्री अंसारी ने राज्य की प्रगति से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पूर्व में नौ जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को 100 प्रतिशत सफलता के साथ संचालित किया गया है, जहां व्यापक जागरूकता अभियान, दवा वितरण तथा मच्छर नियंत्रण के उपाय किए गए। सभी सिविल सर्जनों को जन-जागरूकता एवं रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। अंसारी ने बताया कि वर्तमान में 14 जिलों बोकारो, देवघर, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, कोडरमा, लोहरदगा, पाकुड़, रामगढ़, रांची, साहिबगंज एवं सिमडेगा में अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें लगभग 1.75 करोड़ लक्षित आबादी को फाइलेरिया निरोधी दवा दी जा रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को छोड़कर सभी लोग निःसंकोच दवा का सेवन करें। रांची एवं खूंटी जिलों में शत-प्रतिशत दवा सेवन का उदाहरण सराहनीय रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राज्य स्तर पर टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसमें 22 विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है।

**भारतीय संस्कृति में प्रेम अत्यंत पवित्र, संयमित और जिम्मेदारीपूर्ण भावना**

# वेलेंटाइन सप्ताह : भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य प्रभाव का प्रश्न

धीरेन्द्र चौबे

**वर्तमान** समय में वेलेंटाइन सप्ताह भारतीय समाज में एक विवादास्पद विषय बन चुका है। यह केवल एक दिन या सप्ताह का उत्सव नहीं, बल्कि इसके साथ जुड़ी सोच, व्यवहार और सांस्कृतिक प्रभाव गहन विमर्श की माँग करते हैं। पश्चिमी देशों से आयातित यह अवधारणा भारतीय युवक-युवतियों को अपनी जड़ों से दूर ले जाकर एक ऐसी काल्पनिक दुनिया में धकेल रही है, जिसका भारतीय संस्कृति और परंपराओं से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं दिखाई देता।

भारतीय संस्कृति में प्रेम को अत्यंत पवित्र, संयमित और जिम्मेदारीपूर्ण भावना माना गया है। यहाँ प्रेम केवल आकर्षण या क्षणिक भावनाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि त्याग, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ा रहा है। माता-पिता, गुरु, प्रकृति और समाज के प्रति प्रेम को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। इसके विपरीत वेलेंटाइन सप्ताह प्रेम को केवल युवक-युवती के बीच के भौतिक आकर्षण और उपभोग की वस्तु के रूप में प्रस्तुत करता है, जो भारतीय दृष्टिकोण से मेल नहीं खाता।



यह भी चिंताजनक है कि वेलेंटाइन सप्ताह के नाम पर बच्चों और किशोरों के मन में भ्रम और विकृति उत्पन्न हो रही है। सोशल मीडिया, विज्ञापन और बाजारवाद इस सप्ताह को बढ़ावा देकर प्रेम को दिखावे और उपहारों से जोड़ रहे हैं। इससे युवा वर्ग वास्तविक जीवन की जिम्मेदारियों से कटकर एक बनावटी और अस्थायी सुख की तलाश में भटकने लगता है। यह प्रवृत्ति उन्हें पढ़ाई, परिवार और समाज से दूर कर सकती है, जो किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है।

वेलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति पर कुठाराघात इसलिए भी माना जाता है क्योंकि यह हमारी पारंपरिक प्रेम की अवधारणा को बदलने का प्रयास करता है। जहाँ भारतीय समाज में प्रेम धीरे-धीरे विश्वास और संस्कारों के साथ पनपता है, वहीं वेलेंटाइन संस्कृति त्वरित भावनाओं और सार्वजनिक प्रदर्शन को बढ़ावा देती है। यह सामाजिक मयार्दाओं को चुनौती देने के साथ-साथ युवाओं को एक दिशाहीन जीवनशैली की ओर ले जाती है।

यह आवश्यक नहीं कि हम प्रेम के विरोधी हों, परंतु प्रेम के नाम पर पाश्चात्य अंधानुकरण निश्चित रूप से विचारणीय है। भारतीय समाज को चाहिए कि वह अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझे, युवाओं को सही दिशा दे और उन्हें यह सिखाए कि प्रेम केवल एक दिन या सप्ताह का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन भर निभाई जाने वाली जिम्मेदारी है। तभी हम अपनी सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला मरांग बुरू जुग जाहेर बाहा बोंगा समिति का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, कांके रोड में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मरांग बुरू जुग जाहेर बाहा बोंगा समिति, गिरिडीह के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को मरांग बुरु पारसनाथ में 18 से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के 'बाहा पर्व' में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा एवं मरंग बुरू जुग जाहेर बाहा बोंगा समिति के मुख्य संरक्षक विष्णु किस्कू, संरक्षक महावीर मुर्मू, नाइके बाबा चंदूलाल टुडू, मांझी हड़ाम राजेश किस्कू, सुनील मुर्मू, संयोजक सुशील मुर्मू, मरंग गुरू संस्थान के अध्यक्ष शनिचर बेसरा, पूर्व जिला परिषद सदस्य माइनों हेंब्रम एवं समिति के सदस्य सुधीर बास्के, फागु मरांडी, सुरेश हेंब्रम, राजेश सोरेन, बाबूलाल सोरेन, हीरालाल टुडू, विनोद सोरेन सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### भ्रष्टाचार दबाने के लिए फाइलों को बंधक बना रही राज्य सरकार : बाबूलाल



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झारखंड का शराब घोटाला अब केवल भ्रष्टाचार का मामला नहीं रहा, बल्कि इसे सरकारी संरक्षण में रफा-दफा करने का गंदा खेल बन चुका है। उन्होंने कहा कि महालेखाकार (एजी) की ऑडिट टीम जब घोटाले का हिसाब और फाइलें मांगती है, तो विभाग सीनाजोरी पर उतर आते हैं। आबकारी विभाग अकेला नहीं है, बल्कि ऐसे कई विभाग हैं जो ऑडिट के लिए फाइलें देने से साफ इनकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभागों का यह तर्क कि फाइलें एसीबी ले गई है। यह अब पूरी तरह साफ है कि एसीबी की यह कथित 'कार्रवाई' दोषियों को पकड़ने के लिए नहीं, बल्कि पैसे का लेखा-जोखा छिपाने और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के नाम पर फाइलों को 'बंधक' बना लेना, एक सोची-समझी साजिश है, ताकि न ऑडिट पूरा हो और न ही सच बाहर आए। सरकारी तंत्र खुद ही 'जांच' को 'बचाव की ढाल' बनाकर जनता की आंखों में धूल झोंक रहा है। उन्होंने कहा कि यह झारखंड की जनता के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात है।

## हाइकोर्ट — उच्च न्यायालय का राज्य सरकार को निर्देश

# छह सप्ताह में करें लोकायुक्त की नियुक्ति

### अन्य संवैधानिक पदों पर चार सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश




**रांची।** झारखंड में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग और राज्य सूचना आयोग सहित विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में वर्षों से रिक्त पड़े पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार को छह सप्ताह के भीतर लोकायुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एस. सोनक एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार से यह भी कहा कि मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्त समेत अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया कब तक पूरी की जाएगी, इसका विस्तृत ब्यौरा चार सप्ताह के भीतर शपथ पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 मार्च की तिथि निर्धारित कर दी है। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह एवं राजीव शर्मा ने अदालत के समक्ष दलीलें पेश कीं। अधिवक्ता वीपी सिंह ने कहा कि राज्य सरकार इन महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर लगातार टालमटोल का रवैया अपना रही है। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों से सरकार केवल समय मांग रही है, लेकिन अब तक लोकायुक्त सहित कई अहम संस्थानों में नियुक्तियां नहीं की गई हैं। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग और राज्य सूचना आयोग जैसी संस्थाओं में तीन से पांच वर्षों से पद रिक्त पड़े हैं, जिससे प्रशासनिक जवाबदेही, पारदर्शिता और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं, राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है और छह सप्ताह के भीतर लोकायुक्त की नियुक्ति कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर भी सरकार आवश्यक कदम उठा रही है। उल्लेखनीय है कि यह मामला राजकुमार की ओर से दायर अवमानना याचिका समेत राज्य की 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दाखिल विभिन्न जनहित याचिकाओं से संबंधित है, जिनकी संयुक्त रूप से सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय में की जा रही है।

### सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा

## जेएसएससी एक सप्ताह में वेबसाइट पर जारी करे अभ्यर्थियों के अंक-कट-ऑफ

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या 13/2023) से जुड़े मामले में मंगलवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। अदालत ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जेएसएससी को सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक और विभिन्न श्रेणियों के लिए निर्धारित कट-ऑफ अंक सार्वजनिक करने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने जेएसएससी को निर्देश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थियों के अंक तथा अब तक तय किए गए सभी श्रेणियों के कट-ऑफ अंक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करे। दरअसल, इस मामले में राम प्रसाद नामक अभ्यर्थी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया कि उनका दस्तावेज सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) पहले ही हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया गया है। साथ ही अभ्यर्थियों को यह जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई गई है कि उन्हें कितने अंक प्राप्त हुए हैं और चयन के लिए विभिन्न श्रेणियों में क्या कट-ऑफ निर्धारित किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से यह दलील दी गई कि परिणाम और कट-ऑफ से संबंधित जानकारी सार्वजनिक न होने के कारण अभ्यर्थियों में भ्रम और असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जो चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करती है।

## नगर निकाय चुनावों में हर बूथ पर सीसीटीवी हो : भाजपा

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मांग की कि निकाय चुनाव में सभी बूथों पर सीसीटीवी लगवाया जाए। श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार इस बार बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर आमदा है और इस बात कि पूरी आशंका है कि सरकार के इशारे पर उनके समर्थक बैलेट पेपर को लूटेंगे या मत पत्र में अपने प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की छापेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की कि सीसीटीवी की फुटेज को एक साल तक सरंक्षित किया जाए ताकि गड़बड़ी करने पर न्यायालय में उसको साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल कर सकें। विधान सभा चुनाव और लोक सभा चुनाव में सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था तो निकाय चुनाव में क्यों नहीं कैमरा लग सकता है। अगर कैमरा नहीं लगाया जाता है तो इससे सरकार की मंशा स्पष्ट हो जाएगी कि वो बूथ पर कब्जा करने का प्रयास कर सकती है। कैमरा लगने से यह भी फायदा होगा कि जो असामाजिक तत्व बूथ के अंदर या बाहर रहेंगे वो भी चिन्हित होंगे। न्यायालय में जब मामला आयेगा तो वही सीसीटीवी फुटेज काम आयेगी।

## एचईएम 2.0 पोर्टल के अनुपालन में त्रुटि पर चार अस्पतालों का अनुरोध रद्द



**रांची।** झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक छवि रंजन ने मंगलवार को सोसायटी के सभागार में राज्य सूचीबद्धता समिति की बैठक की। इस अवसर पर एचईएम 2.0 पोर्टल के अनुपालन को लेकर कड़े फैसले लिए गए। मौके पर समिति ने सूचीबद्ध निजी अस्पतालों से जुड़े विभिन्न मामलों पर विचार करते हुए पारदर्शिता और नियमों के सख्त पालन पर जोर दिया। तकनीकी त्रुटि या मानवीय भूल के कारण एचईएम 2.0 पोर्टल पर किए गए विद्ड्रॉल रिक्वेस्ट के मामले में ई-मेल और सिविल सर्जन की अनुशंसा के आधार पर चार अस्पतालों के अनुरोध रद्द किया गया। इनमें हजारीबाग का न्यू झारखंड नर्सिंग होम, पूर्वी सिंहभूम का टाटा मोटर्स हॉस्पिटल प्लांट और पलामू के नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल और मय्यन बाबू अस्पताल शामिल हैं। बैठक में यह पाया गया कि कई अस्पतालों ने अपग्रेडेशन के लिए जरूरी वैधानिक दस्तावेज, विशेष रूप से स्वीकृत बिल्डिंग प्लान और लाइसेंस, पोर्टल पर अपलोड नहीं किए हैं। इस आधार पर तीन अस्पतालों के अपग्रेडेशन पर रोक लगाई गई। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि आउटसोर्स सेवाओं से जुड़े वैधानिक दस्तावेज और एचईएम 2.0 पर माइग्रेशन अनिवार्य होगा। बिना माइग्रेशन किसी भी डॉक्टर या स्पेशलिस्ट को जोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक में कई अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

## स्पीकर ने एनईवाए डिजिटल उपकरणों का लिया जायजा



**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) रबीन्द्र नाथ महतो ने मंगलवार को नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (एनईवाए) के संचालन को लेकर विधानसभा सभा वेश्म में लगाए गए डिजिटल उपकरणों का जायजा लिया। विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से झारखंड विधानसभा में एनईवाए सेवा केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन के बाद सेंट्रल हॉल में मंत्री और सदस्यों को एनईवाए से जुड़ी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान विधायी कार्यों के संचालन के लिए सदस्यों को कंप्यूटर टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। विधानसभा सचिवालय की ओर से सभी सदस्यों को प्रशिक्षण में भाग लेने की सूचना जारी की गई है। एनईवाए एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से प्रश्नोत्तर, कार्यसूची, विधेयक, प्रस्ताव और ध्यानाकर्षण सहित विभिन्न विधायी कार्यों का पेपरलेस संचालन संभव होगा। साथ ही सदन की कार्यवाहियों और समितियों के प्रतिवेदनों का डिजिटल अभिलेख भी तैयार किया जा सकेगा। आगामी बजट सत्र से विधानसभा की कार्यवाही आंशिक रूप से एनईवाए के माध्यम से संचालित किए जाने की योजना है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित सभी मंत्री सहित अन्य विधानसभा के सदस्य आमंत्रित किए गए हैं।

### चेंबर के बिजनेस एक्सचेंज की बैठक में व्यवसायियों ने साझा की जानकारी

# वास्तविक व्यापारिक अवसर सृजित करना उददेश्य : प्रवीण



**रांची।** ई-कॉमर्स के बढ़ते प्रचलन के कारण ऑफलाइन व्यापारियों के समक्ष उत्पन्न हो रही चुनौतियों को देखते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से वर्तमान सत्र में बिजनेस एक्सचेंज मीटिंग के आयोजन की पहल की गई है। चेंबर की इस पहल के शुरूआती चरण में ही सकारात्मक और उत्साहजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। इस पहल के तहत मंगलवार को चेंबर भवन में सदस्यों के बीच पुनः बिजनेस एक्सचेंज की तीसरी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सदस्यों ने एक-दूसरे से परिचय कराते हुए अपने व्यवसाय की जानकारी साझा की और आपसी रूप से बिजनेस कार्ड का आदान-प्रदान किया। चर्चा के दौरान कई सदस्यों को तत्काल व्यापारिक ऑर्डर भी प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी चेंबर की ओर से इसकी दो बैठकों का आयोजन किया गया था, जिनके माध्यम से सदस्यों को संतोषप्रद व्यापारिक ऑर्डर प्राप्त हुए थे। बैठक में स्वयं सदस्यों ने इसकी पुष्टि करते हुए चेंबर की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। चर्चा में नये सदस्य ने यह भी कहा कि पहले यह धारणा थी कि चेंबर केवल व्यापारियों की समस्याओं को लेकर ही कार्य करता है, लेकिन सदस्य बनने के बाद उन्हें अपने व्यवसाय के विस्तार का वास्तविक अवसर भी प्राप्त हुआ है। बैठक में यह भी विचार रखा गया कि स्थानीय व्यापारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की तुलना में प्रतिस्पर्धी दरों पर उपभोक्ता सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं और उपभोक्ताओं को अपनी आवश्यक वस्तुओं की खरीद स्थानीय दुकानों से करनी चाहिए। चेंबर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि बिजनेस एक्सचेंज मीटिंग का उद्देश्य केवल नेटवर्किंग नहीं, बल्कि चेंबर सदस्यों के बीच वास्तविक व्यापारिक अवसर सृजित करना है। यह देखकर संतोष होता है कि सदस्य आपस में व्यापार कर रहे हैं और उन्हें ठोस ऑर्डर भी मिल रहे हैं। आने वाले समय में इस तरह की बैठकों को और अधिक प्रभावी और नियमित बनाया जाएगा। उपाध्यक्ष राम बांगड़ ने कहा कि ऑफलाइन व्यापार को सशक्त बनाने के लिए आपसी सहयोग बेहद जरुरी है। चेंबर का प्रयास है कि लोकल से वोकल की भावना को आगे बढ़ाते हुए अधिक से अधिक व्यापारिक अवसर अपने सदस्यों को उपलब्ध कराए जाए। बैठक में चेंबर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बांगड़, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य अनीश बुधिया, उप समिति चेयरमैन अमित मिश्रा, तेजविंदर सिंह, अलोक कुमार, प्रियंक भगत, सदस्य शशांक मित्तल, युवराज गोया सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

# जनता का आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास : रीना देवी



## अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रीना देवी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** नगर पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार जोरों पर है। मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित अनमोल कॉम्प्लेक्स के बगल में अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रीना देवी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया गया। कार्यालय का शुभारंभ अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रीना देवी एवं समाजसेवी बालेश्वर ठाकुर ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर किया। उस मौके पर अध्यक्ष प्रत्याशी रीना देवी ने कहा कि नगर पंचायतवासियों के अपार सहयोग और समर्थन से आज चुनावी कार्यालय का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि वे जहां भी जनसंपर्क कर रही हैं, वहां लोगों का खुलकर समर्थन और स्नेह मिल रहा है, जो उनकी जीत का संकेत है। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जायेगा। वहीं समाजसेवी बालेश्वर ठाकुर ने कहा कि यदि जनता एक बार रीना देवी को अध्यक्ष बनाती है, तो नगर पंचायत क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने पूर्व की अध्यक्षा पर निशाना साधते हुये कहा कि उनके कार्यकाल में विकास के बजाय सिर्फ लूट का बोलबाला रहा है, जिससे जनता त्रस्त रही। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला और चुनावी माहौल पूरी तरह गरमाता नजर आया। उदघाटन के मौके पर महेंद्र ठाकुर, विश्वनाथ पाल, यमुना ठाकुर, अश्विनी चौबे, गुडू शुक्ल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### अंतराज्रीय एवं अंतर्जिला सीमा चेकनाका करें सक्रियः डीआईजी

**मेदिनीनगरः** पलामू डीआईजी किशोर कौशल ने कल शाम क्षेत्र अंतर्गत पलामू, लातेहार और गढ़वा जिले के पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 की पुलिसिया तैयारियों की गहन समीक्षा की तथा कई आवश्यक निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया कि चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के बाद से कई बिंदुओं पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता के आधार पर पुलिस बलों की तैनाती की योजना तैयार की गयी है। डीआईजी ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि असामाजिक तत्व चुनाव को प्रभावित न कर सकें, इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन करने एवं जमा करने संबंधित निर्देश दिए। साथ ही लम्बित वारंट के निष्पादन एवं फरारियों को गिरफ्तार करने, अवैध शराब के विरुद्ध अभियान को तेज करने, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध बीएनएसएस के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं अवैध हथियार, अवैध शराब, नकदी आदि पर निगरानी एवं जप्ती हेतु अन्तराजीय एवं अंतर्जिला सीमा पर चेकनाकों को सक्रिय रखने एवं सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया।

**विदाई** — जीएन कान्वेंट में आशीर्वाद समारोह आयोजित

# 12वीं के छात्रों का सम्मान समारोह

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट प्लस टू स्कूल में कक्षा 12 वीं के उन छात्र-छात्राओं के लिये आशीर्वाद सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जो आगामी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले हैं। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा 11 वीं एवं 9 वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा की गई, जिन्होंने तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा एवं आरती के माध्यम से 12 वीं के विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें आसन ग्रहण कराया। इसके पश्चात विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर एवं अन्य वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किये गये। मौके पर निदेशक ने कहा कि हर विद्यार्थी के जीवन में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जो उसे भावनाओं से भर देते हैं। कक्षा 12 वीं का आशीर्वाद सह विदाई समारोह भी ऐसा ही एक खास अवसर है, जब छात्र विद्यालय की स्मृतियों को संजोकर नये सफर की ओर अग्रसर होते हैं। यह उम्र जोश, जिद और उत्साह की होती है, यदि इस पड़ाव पर स्वयं को संतुलित कर लिया जाय तो भविष्य स्वर्णिम बन जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण सबक, संघर्ष, मित्रता और संभावनाओं की सीख भी देता है। उपप्राचार्य ने कहा कि जीवन की राह आसान नहीं होती। आगे चुनौतियां और असफलताएं आएंगी, लेकिन उनसे घबराने की जरूरत नहीं है। परिश्रम और ईमानदारी से किया गया प्रयास निश्चित रूप से सफलता दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से जहां भी जाएं, वहां अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय का नाम रोशन करने, विनम्र बने रहने और निरंतर सीखते रहने की अपील की। इस अवसर पर अच्छे कार्य एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये उज्जवला कुमारी, कृष्ण कुमार, अंकित कुमार, संध्या कुमारी, सलोनी, भाग्यश्री, रूपांजली, पलक अग्रवाल, आरणा, प्रतिभा, जिया सहित कई छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जूनियर विंग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी अपने विद्यालय जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किये। मंच संचालन प्रतीक कुमार, मोहित कुमार एवं रीति कुमारी जबकि धन्यवाद ज्ञापन परीक्षा प्रभारी खुर्शीद आलम ने किया। कार्यक्रम का संचालन नीरा शर्मा ने किया। मौके पर शिक्षक संतोष प्रसाद, वीरेंद्र शाह, दिनेश कुमार, कृष्ण कुमार, शिवानी कुमारी, वर्षा कुमारी, शालिनी कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, श्वेता कुमारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## पिता के साथ इंटर की परीक्षा देने संत तुलसीदास कॉलेज जा रहीं दो छात्राएं सड़क हादसे में घायल

बंशीधर न्यूज



**विश्रामपुर :** अपने पिता के साथ रेहला संत तुलसीदास कॉलेज में इंटर की परीक्षा देने जा रही दो छात्राएं सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को वहां के लोगों की मदद से विश्रामपुर सीएचसी में भेज दिया। जानकारी के अनुसार उंटारी थाने के करकटा गांव के भगवान साव अपनी बेटी खुशबू व भगिनी को बाईक से लेकर रेहला इंटर की परीक्षा दिलवाने जा रहे थे। इसी बीच उंटारी बी मोड़ मेन रोड पर होलंगा गांव के समीप सड़क पार कर रहे एक बड़ा लंगूर से टकरा कर सड़क पर गिर गये जिसमें खुशबू का हाथ फ्रैक्चर कर गया है। वहीं भगवान साव व उनकी भगिनी को भी शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट लगी है। थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को अस्पताल भेज दिया है, जहां घायलों का इलाज हो रहा है।

### विकास मेले में भाग लेने के लिए डीसी-एसपी को किया आमंत्रित



**मेदिनीनगरः** आदिवासी विकास कुंभ मेला दुबियाखाड़ में शामिल होने के लिए मेला के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, भरदुल कुमार सिंह, ठाकुराई सिंह, उमेश सिंह ने डीसी पलामू समीरा एस, एसपी रेशमा रमेशन, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा से मुलाकात कर 11 फरवरी को लगने वाले आदिवासी विकास कुंभ मेला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष 11 व 12 फरवरी को दुबियाखाड़ में आदिवासी राजा मेदिनी राय के याद में मेला का आयोजन किया जाता है। इसमें काफी संख्या में लोग मेला देखने के लिए आते हैं। राज्य सरकार के द्वारा मेला में समय-समय पर परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाता है।

### इग्नू में नामांकन 15 फरवरी तक

**गढ़वा :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा जनवरी 2026 सत्र के लिये विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन की तिथि बढ़ा दी गई है। अब विद्यार्थी मास्टर्स, बैचलर्स एवं सर्टिफिकेट कोर्स में 15 फरवरी तक नामांकन ले सकेंगे। इस संबंध में स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा स्थित इग्नू स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर डॉ अर्जुन प्रसाद ने जानकारी देते हुये बताया कि इग्नू में नामांकन पूरी तरह ऑनलाईन मोड में एडमिशन पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। इच्छुक विद्यार्थी घर बैठे ही आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन से जुड़ी विशेष जानकारी एवं तकनीकी सहयोग के लिये इग्नू स्टडी सेंटर प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक खुला रहता है। वहीं प्रत्येक रविवार को प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक स्टडी सेंटर में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा। स्टडी सेंटर ने क्षेत्र के विद्यार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर नामांकन प्रक्रिया पूरी कर इग्नू के लचीले और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कार्यक्रमों का लाभ उठाएं।

### नाबालिग बरामद, पुलिस दबाव में अपहरणकर्ता छोड़कर हुए फरार

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रामगढ़ की नाबालिग लड़की शाहपुर से मंगलवार को बरामद कर ली गई है। पुलिस के दबाव में अपहरणकर्ता शाहपुर में छोड़कर फरार हो गये। लडकी को चैनपुर थाना लाकर अपहरणकताओं के बारे में जानकारी ली जा रही है। घटना को लेकर रामगढ़ थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह ने पुष्टि की। थाना प्रभारी के अनुसार नाबालिग लड़की के गायब होने पर परिजनों ने मामला दर्ज कराया था। मामले में पुलिस तेजी से जांच कर रही थी। पुलिस कार्रवाई से घबराकर आरोपित चैनपुर के नेउरा गांव के नूरे आलम ने मंगलवार दोपहर शाहपुर में नाबालिग लड़की को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस नाबालिग लड़की से पूछताछ की और आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि 05 फरवरी को नूरे आलम ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर उसके घर से अपहरण कर लिया था।

**गढ़वा जिले में फाईलेरिया उन्मूलन को लेकर अभियान शुरू, 25 फरवरी तक चलेगा अभियान**

# डीसी ने स्वयं दवा खाकर किया अभियान का शुभारंभ

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** फाईलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से जिले में मंगलवार से व्यापक अभियान की शुरूआत की गई, जो 25 फरवरी तक चलेगा। अभियान का शुभारंभ जिला मुख्यालय स्थित बीएसकेडी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीसी दिनेश कुमार यादव ने दीप जलाकर एवं स्वयं फाईलेरिया रोधी दवा की खुराक लेकर किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला भीबीडी प्रभाग गढ़वा की ओर से किया गया। उस मौके पर डीसी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे फाईलेरिया रोधी दवा की खुराक अवश्य लें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता आयेगी, तभी यह अभियान सफल होगा। फाईलेरिया कब और किसे हो जाय, इसका पता नहीं चलता, लेकिन दवा की एकल खुराक से इससे बचाव संभव है। उन्होंने हाथीपांव बीमारी से होने वाली शारीरिक दिव्यांगता और सामाजिक उपेक्षा पर भी लोगों को जागरूक किया। सिविल सर्जन डॉ जान एफ केनेडी ने कहा कि फाईलेरिया एक गंभीर और लाईलाज बीमारी है, जिससे ग्रसित व्यक्ति जीवनभर पूरी तरह मुक्त नहीं हो सकता। हालांकि समय पर और नियमित रूप से फाईलेरिया रोधी दवा लेने से इस बीमारी से लगभग पूरी तरह बचाव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अभियान के पहले दिन जिलेभर में आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बनाये गये 1007 बूथों पर दवा प्रशासकों द्वारा लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक घर-घर जाकर उन लोगों को दवा खिलाएंगे, जो पहले दिन दवा लेने से वंचित रह जाएंगे। डॉ केनेडी ने दवा की खुराक की जानकारी देते हुये बताया कि एक से दो वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली, दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को एल्बेंडाजोल की एक गोली, दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीईसी की एक गोली, छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी की दो गोली तथा 14 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली दी जायेगी। जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ पुष्पा सहगल ने भी जिलेवासियों से फाईलेरिया उन्मूलन अभियान में सहयोग करने और दवा का सेवन अनिवार्य रूप से करने की अपील की। मौके पर डीपीएम गौरव कुमार, सहिया कार्यक्रम के डीपीसी रोहित सिंह, बीएसकेडी पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय सोनी सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी ने किया।




# जुलूस में पिकअप ने किशोर को कुचला, मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के उदयपुरा-2 पंचायत के पिछुलिया धाम में मंगलवार को सड़क दुर्घटना में किशोर सोनू कुमार (12) की मौत हो गई।

सोनू पांकी थाना क्षेत्र के लुकुआ निवासी विश्वनाथ मोची का पुत्र था। सोनू चौथी कक्षा का छात्र था। यह घटना सबरी पूजा के जल यात्रा जुलूस के दौरान हुई। जमुनियाडीह से जल लेने के लिए लोग पिछुलिया धाम आए हुए थे। सोनू कुमार अपनी साइकिल लेने के लिए सड़क पार कर रहा था। उसी समय ग्राम कसमार के जितेंद्र साव का सीमेंट लदा पिकअप (जेएच03 एडी 8669) उसी रास्ते से गुजर रहा था। तेज रफ्तार होने के कारण पिकअप ने सोनू कुमार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

सोनू कुमार बचपन से ही अपने नाना नरेश मोची के घर तरहसी के जमुनियाडीह में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह अपने पिता विश्वनाथ मोची के चार बेटों में सबसे बड़ा था। उसके पिता मजदूरी के लिए बाहर रहते हैं। घटनास्थल पर सोनू की मां और नाना अपने परिजनों के साथ पहुंचे। पुलिस को शव उठाने से मना कर दिया गया। परिजन मुआवजा की मांग को लेकर अड़े हुए थे।

बाद में तरहसी थाना प्रभारी आनंद राम भी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि दोषी चालक और पिकअप के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेजा जाएगा।

फिलहाल, पुलिस को इस संबंध में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

## न्यूज अपडेट्स

### 12 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल को माले का समर्थन

गढ़वा : भाकपा (माले) जिला कमेटी ने देश की तमाम ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत 12 फरवरी की देशव्यापी आम हड़ताल को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी ने जिला की जनता, मजदूरों, किसानों, नौजवानों, छात्रों, महिलाओं और सभी जनसंगठनों से हड़ताल को सफल बनाने के लिये सड़कों पर उतरने का आह्वान किया है। भाकपा माले ने अन्य वाम दलों और जनसंगठनों के साथ मिलकर जिले भर में हड़ताल को व्यापक और प्रभावी बनाने के लिये अभियान तेज कर दिया है। जिला कमेटी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जबरन लागू किये जा रहे चार लेबर कोड मजदूर वर्ग के अधिकारों पर सीधा हमला है। भाकपा माले गढ़वा के जिला सचिव कालीचरण मेहता ने कहा कि ये कानून मजदूरों के संगठन बनाने, एकजुट होने और संघर्ष करने के अधिकार को कमजोर करते हैं तथा उन्हें कॉरपोरेट और पूंजी के सामने असहाय बनाने की साजिश है। स्थायी रोजगार को खत्म कर ठेका और असुरक्षित रोजगार को बढ़ावा देना, काम के घंटे बढ़ाना और श्रम कानूनों की सुरक्षा समाप्त करना इन चार लेबर कोडों का असली उद्देश्य है। जिला कमेटी ने मनरेगा को खत्म करने की साजिश को ग्रामीण गरीबों और गांवों पर बड़ा हमला बताया। भाकपा माले ने मोदी सरकार द्वारा हाल में की गई अमेरिकी डील को भारत की आर्थिक संप्रभुता पर गंभीर हमला बताया। पार्टी का कहना है कि ऊर्जा क्षेत्र में यह समझौता देश के हाथ-पांव बांधने जैसा है, जिससे भारत की स्वतंत्र आर्थिक निर्णय लेने की क्षमता कमजोर होगी। वहीं भारी सब्सिडी प्राप्त विदेशी कृषि उत्पादों के आयात का रास्ता खोलकर भारतीय किसानों को विनाशकारी प्रतिस्पर्धा के सामने खड़ा कर दिया गया है। भाकपा माले ने कहा कि देश की जनता 12 फरवरी को हड़ताल के जरिये करारा जवाब देगी।

## वर्कशॉप सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला आयोजित

# एआई का जिम्मेदार उपयोग सिखाया गया

### इंटरनेट और एआई का सुरक्षित, संतुलित और जिम्मेदार उपयोग आवश्यक : डीडीसी

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी दिनेश यादव के निर्देश पर जिला सूचना एवं विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को पंचायत भवन कल्याणपुर में स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला सूचना-विज्ञान पदाधिकारी चंद्रशेखर पटेल, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शिवनारायण पासवान, सीएससी मैनेजर मनीष कुमार, कौशल किशोर और डीपीओ यूआईडी गिरीश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

मौके पर डीडीसी ने कहा कि आज एआई और इंटरनेट के युग में सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन साईबर अपराध की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट और एआई का सुरक्षित, संतुलित और जिम्मेदार उपयोग आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित लोगों से साईबर सुरक्षा जागरूकता फैलाने और एआई का नैतिक उपयोग करने की शपथ दिलाई। कार्यशाला में डीपीओ यूआईडी गिरीश्वर सिंह और कौशल किशोर ने फिशिंग, फाईनेंशियल फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, फेक एप्स, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, डीपफेक वीडियो जैसी आम साइबर थ्रेट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही मोबाईल, कंप्यूटर और व्यक्तिगत डेटा सुरक्षित रखने के उपाय जैसे मजबूत पासवर्ड, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण, सुरक्षित स्क्रीन लॉक, विश्वसनीय स्त्रोतों से एप डाउनलोड करना, संदिग्ध लिंक और ई-मेल से बचाव, सॉफ्टवेयर अपडेट आदि पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शिवनारायण पासवान ने किया। मौके पर पंचायत के मुखिया अशोक चंद्रवंशी, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाएं, विद्यालय की छात्राएं, प्रज्ञा केंद्र संचालक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शिव सार्वभौमिक शक्ति के संचालक हैं : अविनाश देव



**मेदिनीनगर:** पाटन प्रखंड के किशुनपुर इमली गांव शिवचर्चा में बतौर मुख्य अतिथि अविनाश देव शामिल हुए। चर्चा का आयोजन राधेश्याम सोनी अपनी बेटी के जन्मोत्सव पर किए थे। सैकड़ों गुरूभाई बहन चर्चा में शामिल हुए और भगवान शिव के सहज स्वभाव सरल व्यवहार,संहार सृजन के संवाहक शिव की संवेदना को सुने। आयोजक राधे श्याम सोनी अंगवस्त्र फूलमाला देकर स्वागत किए। शिवगुरु के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किए। श्री देव ने कहा जब हम शिव के बारे में सोचते हैं और शिव के बताए रास्ते पर चलते है तब हम सब को दूसरे के साथ भी सम्यक व्यवहार करना चाहिए। जिस तरह शिव सबों के प्रति सरल है तब ही उनके दरबार में बाघ और बैल एक साथ है सांप और मोर भूत - प्रेत, देवता और राक्षस उन पर अटूट भरोसा रखते हैं। सृष्टि के रचना से संचालन तक सुंदर बनाने में सभी का सम सहभागिता रहता है और परिवार की तरह रहते हैं। क्या हम सभी अपने निजी जीवन में महादेव की तरह त्यागी का तमगा लगा पाए ? नहीं। इसीलिए तीन सूत्र जो दिया गया है उसे अपने जीवन में उतरना है समाज और राष्ट्र के प्रति वफादार बनना है। मौके पर किशुनपुर थानेदार की उपस्थिति गरिमामयी रही। वरिष्ठ गुरु भाई गोकुलानंद तिवारी, मित्र ओंकार तिवारी पूरे चर्चा को बेहतरी तरीके से सजाए और लोगों को जोड़े रखा।

## साइबर सुरक्षा का रखें विशेष ख्याल : डीसी



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** इंटरनेट के बढ़ते हुए उपयोगकर्ताओ के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से सेफ एंड रिस्पांसिबल यूज ऑफ आई थीम पर आधारित सेफर इंटरनेट वर्कशॉप आयोजित हुआ। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की पलामू इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी समीरा एस, डीडीसी जावेद हुसैन, एसी कुंदन कुमार, सदर एसडीओ सुलोचना मीना आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डीसी ने आज के समय में इंटरनेट के सुरक्षित प्रयोग कर बेहतर सामाजिक माहौल तैयार करने तथा अपने कार्यों को पारदर्शिता से करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्य को सम्पन्न कराने में हम सभी के द्वारा अनेकों फाइनेंसियल ट्रांसेक्शन किया जाता है जिसमें साइबर फ्रॉड होने की संभावना रहती है इसलिए हम सभी को सरकारी कार्य को संपन्न कराने में साइबर सुरक्षा का विशेष ख्याल रखेंगे तथा साथ ही साथ इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में अपने सभी सहकर्मियों को भी बताएं कि खुद को सेफ कैसे रखा जाय। डीडीसी जावेद हुसैन ने बताया कि कैसे डीप फेक/ए आई वॉइस स्कैम व सोशल मीडिया एकाउंट हैकिंग से बचें। उन्होंने बताया कि सभी को हमेशा टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, मजबूत एवं यूनिक पासवर्ड का प्रयोग करना चाहिए तथा यह भी बताया कि अनजान संदेशों में आए किसी भी लिंक या फाइल पर क्लिक न करें। एसी कुंदन कुमार ने आज के समय में साइबर अपराधियों के द्वारा फिशिंग, विशिंग एवं स्मशिंग का उपयोग कर लोगों से उनकी गोपनीय जानकारी हासिल कि जाती है तथा उसका उपयोग कर सम्बंधित व्यक्ति को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जाता है. सभी उपस्थित लोगों को फिशिंग, विशिंग एवं स्मशिंग से बचने के लिए कभी भी अधिकृत वेबसाइट से ही कार्य का संपादन करने के बारे में विस्तार से बताया। एडीआईओ प्रगति प्रकाश विहंगम ने सेफ इंटरनेट उपयोग करने से संबंधित सभी विषयो पर विस्तार से बताया गया। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि इन्टरनेट के इस्तेमाल से पूर्व अपने कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल फोन में एंटीवायरस का इस्तेमाल आवश्यक है। कार्यशाला में मौजूद जिले के सभी सूचना तकनीक से जुड़े कर्मियों को अपने-अपने कार्यस्थल पर मौजूद सभी लोगों के साथ साथ आम जनता को भी सेफ इन्टरनेट का प्रयोग करने हेतु जागरूक करने का कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। मौके पर सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जेएसएयलपीएम के डीपीएम, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, नेटवर्क इंजीनियर, अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के पिता शिवलोचन महतो का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

# शिवलोचन महतो ने 108 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के पूज्य पिता शिवलोचन महतो का मंगलवार को 108 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने दिनांक 10 फरवरी 2026 को अपराह्न 12 बजकर 02 मिनट पर अंतिम सांस ली। वे बीते 31 जनवरी से अस्वस्थ चल रहे थे तथा इलाजरत थे। उनके निधन से पूरे पलामू जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। दिवंगत शिवलोचन महतो एक साधारण किसान परिवार से थे, किंतु उन्होंने अपने जीवन में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने सभी पुत्रों को उच्च शिक्षा दिलाई और सामाजिक चेतना का संदेश दिया। उनका मानना था कि शिक्षा ही विकास की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने न केवल अपने परिवार को बल्कि गांव के अनेक बच्चों और युवाओं को भी शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन और संस्कारों का ही प्रतिफल है कि उनके पुत्र डॉ. शशिभूषण मेहता आज जनसेवा के माध्यम से विधायक पद को सुशोभित कर रहे हैं। डॉ मेहता ने गहरे शोक में कहा कि उनके पिता का जीवन सादगी, ईमानदारी, परिश्रम और नैतिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि पिताजी के निधन से मैं पूरी तरह टूट चुका हूं। वे सदैव मुझे सही मार्ग पर चलने, सत्य और सेवा के पथ पर डटे रहने की प्रेरणा देते थे। आज जो भी मैं हूं, उन्हीं के आशीर्वाद, मार्गदर्शन और संस्कारों के कारण हूं। उन्होंने बताया कि दिवंगत शिवलोचन महतो अपने पीछे चार पुत्रों, भरा-पूरा नाती-पोता परिवार तथा असंख्य शुभचिंतकों को छोड़ गए हैं। विधायक आवास एवं मौर्या फार्म हाउस, नीलाम्बर-पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज) स्थित निवास पर अंतिम दर्शन के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं तथा आम नागरिकों का तांता लगा हुआ है। हर वर्ग के लोग नम आंखों से दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।



### इन लोगों ने शोक व्यक्त किया

शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में रामदास साहू, लवली गुप्ता, किरण मेहता, प्रकाश मेहता, लाला प्रसाद यादव, छोटेलाल सोनी, भोलेनाथ साव, राजेंद्र यादव, सुधीर सिंह, शैलेश वर्मा, रामराज सिंह, संजय वर्मा, कामेश यादव, कुलदीप यादव, शंकर शुक्ला, प्रसिद्ध सिंह, विनोद राम, अरविंद पासवान, वशिष्ठ सिंह, अनिल पासवान, रंजय ठाकुर, कार्तिक सिंह, सुधीर तिवारी, राजा गुप्ता, ललन साहू, अजय साहू, नितिन, मिथिलेश सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल हैं।



## 'दृश्यम 3' में प्रकाश राज की एंट्री, कहानी में आएगा नया मोड़

अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। इस बीच फिल्म से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है। अभिनेता प्रकाश राज ने फिल्म के लिए हां कर दी है। पहले दो भागों की बड़ी सफलता और दमदार कहानी के बाद तीसरे पार्ट में उनकी एंट्री से कहानी और भी दिलचस्प होने वाली है। फिल्म में अजय देवगन, तब्बू और श्रिया सरन एक बार फिर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। दिसंबर 2025 में जयदीप अहलावत के कास्ट में शामिल होने के बाद अब प्रकाश राज की एंट्री ने स्टारकास्ट को और मजबूत बना दिया है। सूत्रों के मुताबिक, प्रकाश राज को 'दृश्यम 3' की स्क्रिप्ट और उनका किरदार तुरंत पसंद आया, जिसके बाद उन्होंने फिल्म के लिए हामी भर दी। खास बात यह है कि वे किसी पुलिस अफसर की भूमिका में नहीं, बल्कि एक नए और अहम किरदार में नजर आएंगे, जो कहानी में बड़ा ट्विस्ट लाएगा। स्टार स्टूडियो 18 और पैनोरमा स्टूडियोज के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक कर रहे हैं। फिल्म के लेखक अभिषेक पाठक, आमिल कीयान खान और परवेज शेख हैं, जबकि निमार्ता अलोक जैन, अजीत आंधारे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक हैं। हाल ही में फिल्म स्पिरिट को लेकर उठीं अफवाहों को भी प्रकाश राज ने खुद खारिज किया था। 'दृश्यम 3' 2 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## प्रसिद्ध कॉमेडी अभिनेता राजपाल यादव का भावुक बयान आया सामने



प्रसिद्ध कॉमेडी अभिनेता राजपाल यादव इन दिनों चेक बाउंस मामले को लेकर कानूनी संकट का सामना कर रहे हैं। 5 फरवरी को दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के बाद अभिनेता ने खुद को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण कर दिया था। अब सामने आई रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने जेल जाने से पहले जो भावुक बयान दिया, वह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, आत्मसमर्पण से ठीक पहले राजपाल यादव की मानसिक स्थिति बेहद डगमगाई हुई थी। उन्होंने जेल अधिकारियों से कहा, क्या करूं? मेरे पास पैसे नहीं हैं। और कोई उपाय नहीं दिखताङ्क सर, यहां हम सब अकेले हैं। कोई दोस्त नहीं है। मुझे इस संकट से खुद ही निपटना है।₹ अभिनेता की आंखों में आँसू और हिचकियाँ स्पष्ट दिखीं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह अपनी स्थिति से गहरे परेशान हैं। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोग बॉलीवुड सितारों को भी इस मुश्किल समय में मदद न करने पर निशाने पर ले रहे हैं। यह शेर 2010 के समय का है जब राजपाल यादव ने अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'अता पता लापता' के लिए मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से 5 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही और आर्थिक तंगी ने अभिनेता को दबोच लिया। कर्ज न चुका पाने के कारण उन्होंने बकाया राशि के भुगतान के लिए चेक दिए थे, जो बाद में बाउंस हो गए। 2024 में अदालत ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी, जब अभिनेता ने पूरा बकाया चुकाने का आश्वासन दिया था। लेकिन वह आश्वासन पूरा नहीं कर सके और परिणामस्वरूप उन्हें आत्मसमर्पण करना पड़ा।

## राजधानी रांची लोक भवन उद्यान में उमड़ी भीड़, 10,848 लोगों ने किया भ्रमण



# नितिन नवीन का बिहार विस में स्वागत

### विधायक बने रहेंगे नितिन नवीन




**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बिहार विधानसभा पहुंचे नितिन नवीन का सदन में विभिन्न दलों के सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर नितिन नवीन ने अपने सम्मान के लिए सदन के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक विधायक के रूप में जिस प्रकार आज उन्हें सम्मान दिया गया, वह उनके लिए भावुक और अविस्मरणीय क्षण है। अपने संबोधन के दौरान नितिन नवीन ने भविष्य की योजना पर बात करते हुए कहा, मुझे पार्टी ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है, उसे तो मैं निभाता ही रहूंगा, लेकिन बांकीपुर के विधायक के रूप में भी मैं अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करता रहूंगा। नितिन नवीन ने कहा, मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि आज का दिन इस रूप में आएगा। यह मेरे व्यक्तिगत प्रयास का नहीं, बल्कि आप सभी वरिष्ठ नेताओं और साथियों के मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद का परिणाम है। मैं पूरे सदन को इसके लिए धन्यवाद देता हूं। नितिन नवीन ने राज्य के मुख्यमंत्री नितीश कुमार, वरिष्ठ मंत्रियों तथा विभिन्न दलों के नेताओं का नाम लेकर आभार प्रकट किया और कहा कि सदन में काम करते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक मयार्दाओं, अनुशासन और जनप्रतिनिधि के दायित्वों को समझना सीखा है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने वाले नए लोगों के लिए सदन एक शिक्षालय की तरह है, जहां पार्टी की विचारधारा के साथ-साथ जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और सदन की गरिमा बनाए रखने की सीख मिलती है। एक विधायक के रूप में हमें जनता की आवाज भी उठानी होती है और सदन की मयार्दा का भी ध्यान रखना होता है। इन दोनों के संतुलन से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि विधायक बनने के बाद उन्होंने शासन में पारदर्शिता और सुशासन की प्रक्रिया को करीब से देखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेवा भावना और राज्य में सुशासन की स्थापना से प्रेरणा मिलती रही है। उन्होंने कहा कि सदन और सरकार में रहते हुए छोटी-बड़ी घटनाओं से बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए दायित्व के साथ भी वे लोकतांत्रिक मूल्यों, अनुशासन और जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखेंगे। इस अवसर पर सत्ता पक्ष और सहयोगी दलों के नेताओं ने इसे बिहार के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की कामना की। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने वाले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन का चयन सदन के लिए विशेष गौरव का विषय है। उन्होंने विधानसभा की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में इस सदन के एक सदस्य का चयन होना पूरे सदन और बिहार की जनता के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन लंबे समय से सदन के सक्रिय सदस्य रहे हैं और अपनी कुशलता, सरलता तथा सुलभ व्यवहार से उन्होंने अलग पहचान बनाई है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि पहली बार इस सदन का कोई सदस्य विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व द्वारा बिहार को यह जिम्मेदारी देना राज्य के लिए सम्मान की बात है। सम्राट चौधरी ने नितिन नवीन के बिहार के मंत्री के रूप में किए गए कार्यों, विशेषकर पथ निर्माण एवं निवेश के क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। लोजपा (रामविलास) के विधायक राजू तिवारी ने चिराग पासवान की ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है।

## नेपाल की तमाकोशी नदी में गिरी बस, 9 यात्रियों की मौत



**काठमांडू।** काठमांडू से ओखलढुंगा जा रही एक यात्री बस मंगलवार दोपहर को तमाकोशी नदी में गिर गई। इस दुर्घटना में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। रामेछाप के प्रमुख जिला अधिकारी श्याम कृष्ण थापा ने बताया कि बागमती प्रदेश की (03-01-005 ख 9975) बस रामेछाप जिले के मन्थली नगरपालिका स्थित त्रिवेणी घाट पर नदी में जा गिरी। यह बस काठमांडू से आठ यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी, लेकिन हादसे के समय उसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे लोगों सहित लगभग 17 लोग सवार थे। छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन यात्रियों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ा। उन्होंने बताया कि सशस्त्र पुलिस बल के गोताखोर और स्थानीय आपदा प्रबंधन इकाई के बचाव दल नदी में गिरे अन्य लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं।

## बांग्लादेश में चुनाव सिर पर, बसों का किराया बढ़ा, लोगों ने हाइवे जाम किया



**ढाका (बांग्लादेश)।** देश में 12 फरवरी को होने वाले संसदीय चुनाव में हिस्सा लेने के लिए कामकाजी लोग अपने-अपने घरों को लौटने लगे हैं। वह बस मालिकों के मनमाना किराया वसूलने से परेशान हैं। यात्रियों के सब्र का बांध मंगलवार सुबह टूट गया। उन्होंने सुबह करीब आठ बजे आशुलिया के बाइपेल इलाके में नबीनगर-चंद्रा हाइवे जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक लोग सड़क से हिले-डुले नहीं। इससे अफरा-तफरी मच गई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यात्रियों ने कहा कि चुनाव से पहले सोमवार कई गारमेंट फैक्टरी वर्कर के लिए काम का आखिरी दिन था। इस कारण बड़ी संख्या में वह लोग अपने गांव लौटने के लिए बसों में सवार हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि बस कंडक्टर इसका फायदा उठाकर ज्यादा किराया वसूल रहे हैं। जमालपुर जा रहे मुखलेस ने कहा कि किराया तीन गुना से भी ज्यादा वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा, "मैं जमालपुर अपने घर जाना चाहता हूं। पहले किराया 300 टका था। अब वे 1,000 टका मांग रहे हैं। अधिकारियों को किराया तय कराना चाहिए।" राजशाही जा रहे अबुल कलाम सोहाग ने भी यही शिकायत दोहराई। उन्होंने कहा, " चुनाव के लिए फैक्टरी की छुट्टियों के बाद वर्कर वोट देने के लिए घर लौट रहे हैं। बस वाले दोगुना किराया मांग रहे हैं। पहले किराया 500 टका था। अब वे 1,000 टका से ज्यादा मांग रहे हैं। " उन्होंने कहा कि ऐसी ही स्थिति रही तो कई लोग वोट डालने के लिए घर नहीं जा पाएंगे। सावर हाइवे थाना प्रभारी शेख शाहजहां ने कहा कि हाइवे पर यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। इस वजह से कई लोग सड़क पर खड़े थे, जिससे जाम लग गया।

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 17 फरवरी को भारत दौरे पर आएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 फरवरी को भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों होराइजन 2047 रोडमैप के तहत भारतझ्रफ्रांस द्विपक्षीय सहयोग को और सुदृढ़ करने पर व्यापक चर्चा करेंगे। दोनों नेता भारत-प्रशांत क्षेत्र सहित आपसी हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। बयान के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों और प्रधानमंत्री मोदी मुंबई में संयुक्त रूप से भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 का उद्घाटन करेंगे।

### टी20 वर्ल्ड कप: सेफर्ट और एलेन के अर्धशतक

# यूएई पर न्यूजीलैंड की रिकॉर्ड जीत



**चेन्नई।** टिम सेफर्ट और फिन एलेन की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को दस विकेट से करारी शिकस्त दी। 174 रनों के लक्ष्य को कीवी टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए महज 16 ओवर में हासिल कर लिया और सुपर-8 में पहुंचने की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिया। यूएई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 173 रन बनाए। मोहम्मद वसीम (66) और अलीशन शराफू (55) ने दूसरे विकेट के लिए 107 रनों की अहम साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यूएई के लिए दूसरे विकेट की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी रही। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 2 विकेट झटके। हालांकि, न्यूजीलैंड की गेंदबाजी पूरी तरह प्रभावी नहीं रही। ग्लेन फिलिप्स का 18वां ओवर खासा महंगा साबित हुआ, जिसमें 27 रन बने, जबकि जैकब डफी के दो ओवर शेष थे। इससे पहले भारत के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज में भी कीवी गेंदबाज दबाव में नजर आए थे और यूएई के खिलाफ भी उन्हें संघर्ष करना पड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (नाबाद 84) और टिम सेफर्ट (नाबाद 89) ने यूएई के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 175 रनों की अटूट साझेदारी कर टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड बना दिया। पावरप्ले में ही दोनों बल्लेबाजों ने 78 रन जोड़ दिए, जिसमें नौ चौके और चार छक्के शामिल थे। एलेन ने स्पिनर हैदर अली के खिलाफ संयम दिखाते हुए तेज गेंदबाजों पर हमला बोला, जबकि सेफर्ट ने डेथ ओवर्स में रिवर्स शॉट्स समेत आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। सेफर्ट ने रविवार को 39 गेंदों में अर्धशतक जड़ने के बाद इस मुकाबले में महज 23 गेंदों में फिफ्टी पूरी की। एलेन और सेफर्ट की इस दमदार बल्लेबाजी के चलते न्यूजीलैंड ने मैच को 27 गेंद शेष रहते समाप्त कर दिया। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने ग्रुप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की और ग्रुप ऑफ डेथ में अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)